

# कागजों में तालाब बनाकर निकाली राशि

▶ फर्जीवाड़े के आरोप : सीईओ ने कहा-जांच होने के बाद की जाएगी कार्रवाई




**सिलवानी, 31 मार्च. सिलवानी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कीरतपुर में तालाब निर्माण के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. यहां कागजों में तालाब बनाकर राशि निकाल ली गई जबकि हकीकत में जिन स्थानों पर तालाब दर्शाए गए हैं, वहां आज भी खेत फसलों के लिए उपयोग हो रहे हैं.**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के जिम्मेदारों ने मिलकर तालाब निर्माण के नाम पर सरकारी राशि निकाल ली लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ. मामले को लेकर गांव में आक्रोश है और ग्रामीणों ने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है.

### इन नामों पर दिखाए गए हैं तालाब

जानकारी के अनुसार ग्राम कीरतपुर में प्रवीण कुमार पिता दुर्गा प्रसाद, जयप्रकाश पिता ब्रजेश, दामोदर प्रसाद पिता तंटू लाल और प्रभु पिता हल्का के नाम पर तालाब निर्माण दर्शाया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि इन खेतों में आज भी खेती हो रही है कहीं भी तालाब का अस्तित्व नहीं है. ग्रामीणों के अनुसार जिन स्थानों पर तालाब होना चाहिए था वहां या तो फसल खड़ी है या कट चुकी है. इससे साफ है कि निर्माण कार्य सिर्फ कागजों में दिखाया गया.

### प्रशासन से जांच कराने की मांग

ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक पर मिलीभगत कर फर्जी तरीके से राशि निकालने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों से राशि की वसूली कर सख्त कार्रवाई की जाए.

### इनका कहना है

मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है. तालाबों की जांच कराई जायेगी और दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी.

**नीलम रायकवार, सीईओ**

## समाधि स्थल का निर्माण कार्य प्रारंभ

**उदयपुरा.** प्रख्यात सिद्ध संत श्रीराम जी बाबा के समाधि स्थल का निर्माण कार्य तलापुरा वाले सिद्ध खेरापति हनुमान मंदिर परिसर में शुरू हो गया है. मंदिर समिति द्वारा समाधि स्थल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. तलापुरा हनुमान मंदिर समिति के अनुसार इस समाधि स्थल में संत श्रीराम बाबाजी के संगमरमर के चरण एवं उनकी संगमरमर की मूर्ति स्थापित करने की योजना है.

## आज से स्कूल चलें हम अभियान शुरू

**रायसेन, 31 मार्च.** प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू हो रहा है तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे स्कूल चलें हम अभियान के रूप में मनाया जा रहा है. जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बुधवार को प्रात: 09.30 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय होगा.

# अनाज न मिलने पर किया चक्काजाम



▶ पांच गांवों के हितग्राहियों को फरवरी माह से नहीं मिला राशन



**सलामतपुर, 31 मार्च. ग्राम मेढकी मे शासकीय उचित मूल्य की दुकान से फरवरी से गेहूं न मिलने पर हितग्राहियों का गुस्सा फूट पड़ा. बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने रायसेन रोड पर चक्काजाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई. सूचना मिलते ही सांची, सलामतपुर की पुलिस मौके पर पहुंची.**

ग्राम मेढकी में उचित मूल्य दुकान से ग्रामीणों को फरवरी माह से नहीं अनाज नहीं मिल सका. दुकान संचालकों द्वारा ग्रामीणों को काई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया जाता. इससे ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया. इस राशन दुकान से पंचायत के पांच गांव के लोग राशन लेते हैं. चक्काजाम से नेशनल हाइवे 146 रायसेन रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई .सूचना मिलते ही सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी अपने दलबल सहित मौके पर पहुंचे वहीं सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी के नेतृत्व में सलामतपुर पुलिस भी पहुंची. पुलिस ने समझाइश देते हुए चक्काजाम तो खुलवा दिया परन्तु लोंगो की नाराजगी को देखते हुए प्रशासन को सूचना दी गई. रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा, सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना मौके पर पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की गई तथा उनकी समस्याओं को सुना गया. अधिकारियों ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान की अनियमितता की जांच करने तथा दुकान संचालक पर कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया गया. एसडीएम ने दुकान की जांच के आदेश जारी किए गए . इस मामले में ग्रामीणों ने बताया कि इस शासकीय दुकान से पांच गांव के लोगों को अनाज वितरण किया जाता हैं.फरवरी से अभी तक अनाज वितरण नहीं किया गया. जिससे लोग परेशान हो रहे है. इस दुकान से ग्राम मेढकी, रतनपुर, खामखेडा, बहेडिया के लोगों को राशन वितरण किया जाता है.

# 10 साल से अधूरा पड़ा है ग्राम पंचायत भवन



▶ नहीं हो पा रही जनसुनवाई ग्रामीण हो रहे परेशान

**सिलवानी, 31 मार्च. सिलवानी-बरेली मार्ग पर स्थित जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरझिर में पंचायत भवन पिछले करीब 10 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है. भवन अब जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने लगा है जिसके चलते पंचायत की बैठकें तक नहीं हो पा रही हैं.**

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन ना होने के कारण ग्रामीण स्तर पर होने वाली जनसुनवाई भी लंबे समय से बंद पड़ी है. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि लगभग 10 साल पहले शुरू हुए इस भवन के निर्माण के लिए स्वीकृत राशि में से कुछ धनराशि पंचायत सचिव और सरपंच द्वारा निकाल ली गई. ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत भवन निर्माण में हुई अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. साथ ही पंचायत में हुए अन्य निर्माण कार्यों जैसे तालाब, सड़क और भवन निर्माण की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके.

### इनका कहना है

पंचायत भवन की डिमांड गई हुई है जिला स्तर पर भवन निर्माण के लिए राशि की मांग भेजी गई है अभी स्वीकृति नहीं मिली है स्वीकृति मिलने पर शीघ्र भवन का निर्माण कार्य कराया जायेगा.

**नीलम रायकवार,** सीईओ
जनपद पंचायत

## तीन दिवसीय वैदिक वार्षिकोत्सव 3 से

**बाड़ी,** 31 मार्च वेद प्रचार आर्य समाज बाड़ी के तत्वावधान में आगामी 3 अप्रैल से तीन दिवसीय वैदिक वार्षिकोत्सव आयोजित किया जा रहा है. आर्य समाज के आधार स्तंभ रहे पूर्वजों की पावन स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम की रूपरेखा समिति द्वारा तैयार कर ली गई है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रुतिपति जी (आर्य गुरुकुल, नर्मदापुरम) प्रकाश आर्य, अतुल वर्मा ,जानकी मोहन , धर्मेंद्र कौशल, वेद प्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र तिवारी एवं भैरू सिंह प्रवचन और भजन प्रस्तुत करेंगे. आर्य समाज बाड़ी के प्रेरणास्त्रोत और नगर में संगठन की नींव रखने वाले दिवंगत विभूतियों स्व. गौरी शंकर कौशल, स्व.दलबीर राघव, स्व. बाबूलाल तिवारी, स्व. रामेश्वरदयाल बैरागी, स्व. नत्थी लाल व्यास, स्व. दीनदयाल आर्य, स्व. जानकी प्रसाद टैगोर, स्व. छोटे लाल नामदेव एवं स्व. सत्य प्रकाश तिवारी की स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है. 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रात: 8:00 से 10:30 बजे: सामूहिक अग्निहोत्र (यज्ञ) दोपहर 12:00 से 4:15 बजे: वैदिक सत्संग, भजनोपदेश, प्रवचन एवं प्रसाद वितरण होगा.

# कर बढ़ाने के विरोध में एडीएम को दिया ज्ञापन

**रायसेन, 31 मार्च. बढ़ते संपत्ति कर के विरोध और खुली जमीन पर टैक्स के विरोध में रायसेन के मैरिज गार्डन संचालक मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे. उन्होंने एडीएम मनोज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपकर संपत्ति कर में हर साल होने वाली वृद्धि और खुली भूमि पर भी टैक्स लगाए जाने पर आपत्ति जताई.**



ज्ञापन में कहा कि गार्डन संचालक सामाजिक दायित्व निभाते हुए कई कार्यक्रमों के लिए नि:शुल्क परिसर उपलब्ध कराते हैं और जरूरतमंदों की मदद भी करते हैं. संचालकों ने राहत देने की मांग की. एडीएम मनोज उपाध्याय ने नगर पालिका की प्रभारी सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए हैं.

गार्डन संचालक दिनेश अग्रवाल ने कहा नगर पालिका द्वारा हर वर्ष संपत्ति कर बढ़ाया जा रहा है, जिससे व्यवसाय चलाना मुश्किल हो गया है. गार्डन की खुली भूमि पर भी संपत्ति कर वसूला जा रहा है, जबकि इस जमीन का टैक्स वे पहले से ही एसडीएम कार्यालय में जमा करते हैं. संचालकों ने मांग की कि संपत्ति कर का निर्धारण हर साल करने के बजाय तीन वर्ष में एक बार किया जाए. इसके साथ ही, पक्के भवनों पर भी कर दर में हर वर्ष अधिक वृद्धि न की जाए, क्योंकि वर्तमान आर्थिक स्थिति में इतनी बढ़ोतरी देना संभव नहीं है. ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमोद कांकर, योगेश उपाध्याय, संजय गोहिल, दिनेश अग्रवाल,धर्मेंद्र कुशवाहा, गणेश कुशवाह, लोकनाथ सिंह, राजू चौबे, बंधन गार्डन, शोहेब खान, आदि शामिल हैं.

# रायसेन में माना फिल्टर प्लांट चालू होगा

▶ 7 करोड़ खर्च होंगे, नगर पालिका का बजट पारित

**रायसेन, 31 मार्च.**

**नगर पालिका परिषद का वर्ष 26-27 का बजट पारित हो गया है. बजट में वर्षों से से बंद पड़े माना फिल्टर प्लांट को चालू करने पर सहमति बनी है. मंगलवार को परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया.**

जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई. जिसमें विशेष रूप से वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया गया. जिसमें प्रस्तावित आय रूपया 85,65,32600/एवं प्रस्तावित व्यय रूपया 85,59,82,500/- तथा रूपया 5,50,100/- बचत का स्वीकृति किया गया. गर्मी में नागरिकों को नियमित एवं निरन्तर जलापूर्ति हेतु माना फिल्टर प्लांट का उन्नयन कार्य 7.16 करोड की राशि से किये जाने पर सहमति प्रदान की गई.एवं समस्त वार्डो में विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों हेतु प्रत्येक वार्ड में 20 लाख की राशि से सांस्कृतिक भवन के निमार्ण हेतु विशेष प्रस्ताव पारित किया गया. एवं अन्य निर्माण कार्यो जैसे चौपडा तालाव का विकास कार्य, रामलीला मैदान का विकास कार्य एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना पंचम द्वारका नगरी योजना अन्तर्गत बड़ी लागत के बड़ी कार्यो को कराये जाने हेतु प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया. सम्मेलन में पार्षद उपस्थित थे.

### एक नजर में

## 5वीं-8वीं के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बाड़ी, 31 मार्च.** हाल ही में घोषित कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में सनशाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. आठवीं में कुल 37 में से सभी 37 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए. कक्षा पांचवीं में कुल 23 में से सभी 23 विद्यार्थियों ने 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए. कक्षा आठवीं में खुशी शराठे ने 91 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया. शीतल कुंडू ने 88 प्रतिशत एवं निहारीका पाल ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. कक्षा पांचवीं में सिमरा ठाकुर ने 88 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. माहिरा मंसूरी, राधिका गौर एवं संदीप चौहान ने 86-86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया.विद्यालय की संचालिका प्रतिज्ञा श्रीवास्तव एवं प्राचार्य आशीष टैगोर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी.




## अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**गैरतगंज, 31 मार्च.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट शेख अलीम का मंगलवार को नगर आगमन होने पर नगर में स्थित शिव साईं ढावे के सामने कांग्रेस नेता मो. उमर ठेकेदार के प्रतिष्ठान पर ढोल-नगाड़ों एवं अतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया. इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदिल सिद्दीकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाड़ले भाई, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव राय, नगर अध्यक्ष मकेश ठाकुर, युवक कांग्रेस अध्यक्ष अर्सद अंसारी, सुनील श्रीवास्तव, नेमी चंद सतोरिया, मनोज पटेल, राजकिशोर राजपूत, महेश श्रीवास्तव, कामिल कुरैशी, मो. उमर आदि उपस्थित थे.

## गेहूं की फसल बर्बाद, किसान ने मुआवजा मांगा

सलामतपुर, 31 मार्च. ग्राम छोला के किसान लखन लाल शर्मा की गेहूं की फसल नुकसान की चपेट में आ गई. उसने 5 एकड़ भूमि में गेहूं की फसल बोई गई थी, लेकिन अचानक चले तेज हवा-पानी के कारण करीब ढाई एकड़ फसल आड़ी होकर बर्बाद हो गई. किसान लखन लाल शर्मा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा और कलेक्टर को आवेदन सौंपकर फसल बीमा एवं मुआवजा राशि दिलाने की मांग की.

# सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका को दी विदाई

**बेगमगंज , 31 मार्च. ग्राम उमरखोह की शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका मीना मिश्रा मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गई.** शिक्षा के क्षेत्र में साक्षरता समन्वयक से अपना सफर शुरू करने वाली श्रीमती मिश्रा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनीं. फिर वहां से उनका चयन प्राथमिक शिक्षिका के रूप में हुआ.



विदाई समारोह में संकुल प्राचाय नंदलाल बरकरे ने कहा कि श्रीमती मिश्रा ने लगातार तीन दशक तक शिक्षा विभाग में पूरी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यनिष्ठता से अपनी सेवाएं देते हुए माध्यमिक शिक्षक का पद हासिल किया और उस पद पर अपनी सेवाएं पूर्ण करते हुए सेवानिवृत्त हुई. उन्होंने सरकारी सेवा के साथ समाजसेवी के रूप में अग्रणी भूमिका निभाते हुए गरीब कन्याओं की शैक्षणिक एवं आर्थिक और सामाजिक रूप से सहायता की. संकुल प्राचार्य बरकरे ने उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वस्थ जीवन की कामना की.

समारोह में माध्यमिक शाला प्रभारी राजेश साहू , शिक्षक जाहर सिंह लोधी, जनशिक्षक प्रदीप शर्मा , शिक्षक राकेश पराशर , रामकृष्ण पांडे ,राजेश रिछारिया, लालजी शर्मा एवं हाई स्कूल प्राचार्य एमएल बघेल, सरपंच ,सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिका, विद्यार्थी सहित ग्रामवासियों ने शाल श्रीफल, पुष्पगुच्छों से मीना मिश्रा का स्वागत करते हुए विदाई दी. शाला परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया. सेवानिवृत्त शिक्षिका मीना मिश्रा ने अपनी ओर से उपहार स्वरूप शाला के लिए होम थिएटर एवं सभी स्टूडेंट्स को लंच बॉक्स और शिक्षकों के लिए ठंडे पानी के लिए थरमस भेंट किए गए. आभार प्रदर्शन शाला प्रभारी राजेश साहू ने किया.

## रायसेन में 19 को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**रायसेन, 31 मार्च.** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत रायसेन में अक्षय तृतीय 19 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इस सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु आयोजक नगर पालिका तथा नोडल अधिकारी उप संचालक सामाजिक न्याय मनोज बाथम रहेंगे. सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदंड शर्तो के अधीन 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालयमें जमा किए जा सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रायसेन अनुराग भदौरिया के मो.न. 9131805671 पर या सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय रायसेन में संपर्क किया जा सकता है.

# वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रॉला खाई में उतरा, हादसा टला



**सलामतपुर, 31 मार्च. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी में सोमवार देर रात को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया. सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में एक ट्रॉला अनियंत्रित होकर खाई में उतर गया.**

घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. ट्रॉला घाटी के मोड़ पर पहुंचा ही था कि सामने से वाहन आ गया. टक्कर से बचने के लिए चालक ने ट्रॉले को साइड में उतारने की कोशिश की, लेकिन वाहन संतुलन खो बैठा और नीचे खाई में चला गया. बताया जा रहा है कि ट्रॉला गुजरात से सागर की ओर जा रहा था. बालमपुर घाटी पर आए दिन रोड दुर्घटनाएं हो रही हैं. कुछ समय भी एक ट्रॉला घाटी पर पलट गया था.

हालांकि पूरी घाटी रोड पर सुरक्षा की दृष्टि से रेडियम भी लगाए गए हैं. दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक और सलामतपुर के निवासी साजिद खान ने हाइवे को फोरलेन करने की मांग दोहराई है.

**बैठक** ▶ बेगमगंज में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# महिलाएं भाजपा के खिलाफ उठाएं आवाज : कौर

**बेगमगंज, 31 मार्च. आज गरीबों की रसोई महंगी होने से आमजन बहुत परेशान है. सरकार महंगाई पर अंकुश नहीं लग रही है. दूसरी ओर रसोई गैस की कीमत के साथ किल्लत बढ़ गई है. साथ ही खाद्य सामग्रियों के दाम आसमान छू रहे हैं लेकिन भाजपा की केंद्रीय एवं राज्य सरकार महंगाई पर लगाम लगाने में नाकाम रही है.**



यह बात जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवित्र कौर ने बेगमगंज में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाओं को भाजपा के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए उठ खड़े होना होगा. उन्होंने कहा कि नाम मात्र की महिलाओं को लाड़ली बहना के नाम पर दी जाने वाली राशि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है. उक्त राशि से एक सप्ताह की सब्जी भी नहीं आ पा रही है, क्योंकि भाजपा की नीतियों के चलते खाद्य सामग्री के साथ सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं .ऐसे में सबसे ज्यादा किचन संभालने वाली महिलाओं को ही परेशान होना पड़ रहा है . आमजन की महंगाई के कारण कमर टूट गई है . उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को डोर टू डोर महिलाओं से संपर्क कर भाजपा के खिलाफ वातावरण बनाना होगा और उद्योगपतियों की सरकार को उखाड़ फेंकना होगा. उन्होंने ब्लॉक एवं पोलिंग स्तर पर महिला कांग्रेस कमेटी गठित करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाकर महिला नेत्रियों को जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया. इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल सहित भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी मौजूद थी.

# स्टेट बार कौंसिल चुनाव के लिए संपर्क



**बेगमगंज, 31 मार्च. मप्र अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष, इंदौर के अधिवक्ता शेख अलीम मध्यप्रदेश स्टेट बार कौंसिल सदस्य के लिए अधिवक्ताओं से संपर्क कर रहे हैं. उनके द्वारा अपने पक्ष में मतदान और सहयोग करने की अपील की जा रही है.**

मंगलवार को बेगमगंज पहुंचे अधिवक्ता शेख अलीम द्वारा न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क करते हुए सहयोग देने की अपील की. उनके साथ जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष आदिल सिद्दीकी , आमोद शर्मा एडवोकेट , राजेश यादव एडवोकेट , प्रभु नेमा एडवोकेट , सईद नादां एडवोकेट , शैलेश जैन , विनय ठाकुर एडवोकेट , मूरत सिंह एडवोकेट , सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे.